मूल्य 1 रु.
वर्षः 15 - अंक : 20, मुंबई, सोमवार, 5 मई, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक मुंबई हलचल ®

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

अब हर सच होगा उजागर

DESI™ VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

दाऊद के करीबी आरोपी फारूक टकला को कोर्ट ने सुनाई 5 साल की सजा

जाली पासपोर्ट मामले में खुली पोल

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। मुंबई की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने 1993 के मुंबई सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले के एक आरोपी मोहम्मद फारूक यासीन मंसूर उर्फ टकला को किसी अन्य व्यक्ति की पहचान का उपयोग करके जाली पासपोर्ट बनाने के मामले में 5 साल की जेल की सजा सुनाई है। 66 वर्षीय टकला 2018 से सलाखों के पीछे है और उसकी सजा पूरी मानी जाएगी क्योंकि वह पहले ही विचाराधीन कैदी के रूप में 5 साल से अधिक समय जेल में बिता चुका है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

साइबर क्राइम के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस अलर्ट

एप के जरिये होगी 24 घंटे निगरानी

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र साइबर के अनुसार, हर दिन करीब 5000 साइबर अपराध की शिकायतें दर्ज हो रही हैं, यानी हर मिनट 4 साइबर अपराध हो रहे हैं। सबसे आम है डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी, जिसमें अपराधी पुलिस या कानूनी अधिकारी बनकर बुजुर्गों को कानूनी खतरों से डराते हैं और उनसे पैसे ऐंठते हैं। अब जेनएस लाइफ एप ने महाराष्ट्र साबर के साथ मिलकर वरिष्ठ नागरिकों को साइबर खतरों के बारे में जागरूक करने का फैसला किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में कुल 12 लाख से ज्यादा साइबर धोखाधड़ी की शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें 11,333 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ ।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

पत्नी और 4 साल की सौतेली बच्ची की निर्मम हत्या

आरोपी पति ने खुद दी पुलिस को घटना की जानकारी

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। अकोला के तार फाइल इलाके में पति ने पारिवारिक विवाद के चलते अपनी पत्नी और 4 साल की बेटी की हत्या कर दी है। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। सूत्रों के मुताबिक, पत्नी और बेटी की हत्या करने के बाद आरोपी ने खुद ही पुलिस को फोन कर हत्या की जानकारी दी। दोनों पति-पत्नी की यह दूसरी शादी थी। दोनों के बीच अक्सर कहासुनी होती रहती थी। आज कहासुनी से तनाव की स्थिति पैदा हो गई और आरोपी पति सूरज गणवीर ने बेहद क्रूरता के साथ पत्नी का गला घोंट दिया, लेकिन जब पत्नी तब भी नहीं मरी तो आरोपी ने कपड़े से उसका गला घोंट दिया। इसके बाद उसने बच्ची का भी गला घोंटकर हत्या कर दी।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

महाराष्ट्र के किसानों को नहीं मिला रहा पैसा

मनी ट्रांसफर सिस्टम में गड़बड़ी से अरहर खरीद का भुगतान करने में देरी

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र के किसानों को इन दिनों एक और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राज्य विपणन विभाग की मनी ट्रांसफर सिस्टम में तकनीकी समस्या के कारण अरहर का उत्पादन करने वाले कई किसानों को भुगतान करने में देरी हुई है। हालांकि कई उत्पादकों को उनकी उपज की खरीद पर धन अंतरित किए जाने की पुष्टि करने वाले संदेश प्राप्त हुए हैं, लेकिन अभी तक उनके बैंक खातों में जमा राशि को नहीं दशार्या जा रहा है। राज्य विपणन विभाग के अधिकारी ने नाम का खुलासा नहीं करने की शर्त पर कहा कि गड़बड़ी का जल्दी ही समाधान कर लिया जाएगा और अरहर खरीद की राशि को किसानों के खातों में जमा कर दिया जाएगा। वित्तीय वर्ष के अंत में भीड़ के कारण कभी-कभी देरी होती है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

9 राज्यों से 13.22 लाख टन अरहर खरीदने की प्रतिबद्धता

राष्ट्रीय स्तर पर केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र सहित 9 राज्यों से 13.22 लाख टन अरहर खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है। इसने घरेलू कीमतों को स्थिर करने में मदद के लिए 10 लाख टन का बफर स्टॉक बनाने की योजना की भी घोषणा की है। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि 2024 में अरहर की खेती का रकबा पिछले वर्ष की तुलना में 14 प्रतिशत बढ़ गया है, जबकि राष्ट्रीय उत्पादन लगभग 35 लाख टन रहने का अनुमान है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

हमारी बात

जख्म गहराता ही गया!

जब असंतोष के दायरा व्यापक हो और इसके कारण गहरे हों, तब प्रशासनिक तरीके शायद ही कारगर होते हैं। आवश्यकता ठंडे दिमाग से यह समझने की है कि मणिपुर मसले की जड़ में जमीन और संसाधन संबंधी विवाद रहे हैं।

मणिपुर के हिंसाग्रस्त हुए दो साल पूरे हो गए हैं। मैतेई समुदाय को जनजाति श्रेणी में शामिल करने के न्यायिक निर्णय के खिलाफ 2023 में तीन मई के दिन कुकी एवं अन्य जनजातीय समूहों के जुलूस निकाला था। उसी दौरान हिंसा शुरू हुई। फिर इसका दायरा फैल गया। तब से रुक-रुक कर हिंसा का दौर आता रहा है। इस बीच मैतई और कुकी समुदायों के बीच खाई लगातार चौड़ी होती गई है। दुखद यह है कि अविश्वास की इस खाई को पाटने के कोई गंभीर प्रयास आज तक नहीं हुए। राज्य में एन. बिरेन सिंह के नेतृत्व वाली पूर्व भाजपा सरकार पर तो लगातार हालात को बिगाड़ने के इल्जाम लगते रहे। आखिरकार उस सरकार की विदाई हुई, मगर उसके बाद भी दोनों समुदायों के बीच पैदा हुए अविश्वास को दूर करने के कोई गंभीर प्रयास नहीं हुए। केंद्र सरकार ने प्रशासनिक नजरिए से समस्या से निपटने की कोशिश की है। मगर जब असंतोष का दायरा व्यापक हो और इसके कारण गहरे हों, तब ऐसे तरीके शायद ही कहीं कारगर होते हैं। आवश्यकता ठंडे दिमाग से यह समझने की है कि मणिपुर मसले की जड़ में जमीन और संसाधन संबंधी विवाद रहे हैं। मैतेई समुदाय मुख्य रूप से इंफाल घाटी में रहता है। पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले कुकी समुदाय के साथ इन मसलों को लेकर उसका पुराना तनाव रहा है। इस प्रकरण से सांप्रदायिक भावनाएं भी जुड़ी हुई हैँ। ज्यादातर मैतेई हिंदू हैं, जबकि ज्यादातर कुकी ईसाई हैं। दशकों तक विदेशी धन से संचालित एनजीओज ने सांप्रदायिक और नस्लीय पहचान की भावनाओं को हवा दी। आगे चल कर इससे उग्रवादी संगठनों की जड़े मजबूत हुईं। गुजरे दो साल में इन संगठनों की सक्रियता और बढ़ी है। नतीजतन, सरकारी आंकड़ों के मुताबिक हिंसा में अब तक तकरीबन 260 लोगों की मौत हो चुकी है। 60 हजार से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। 4,700 से ज्यादा घर आगजनी के शिकार हुए। सरकार ने सेना और अर्धसैनिक बलों की तैनाती के जरिए हालात पर काबू पाने की कोशिश की। अब उसे स्वीकार करना चाहिए कि ये तरीका कामयाब नहीं हुआ। तो अब नजरिया बदलने की जरूरत है।

रेसलिंग एक्सट्रीम मेनिया ने मुंबई में भव्य उद्घाटन हुआ

मुंबई। भारत की पहली स्वदेशी स्पोर्ट्स-एंटरटेनमेंट प्रो-रेसलिंग कंपनी रेसलिंग एक्सट्रीम मेनिया ने मुंबई के वर्ली स्थित एनएससीआइ डोम में वेव्स- 2025 यानी वर्ल्ड ऑडियो वीडियो एंड एंटरटेनमेंट समिट के दौरान शानदार आगाज किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर महाराष्ट्र के माननीय राज्यपाल श्री सीपी. राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस मौजूद रहे। इनके साथ ही श्री अशिष शेलार और श्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने भी समारोह की शिरकत की। रेसलिंग एक्सट्रीम मेनिया भारत के लिए आपीएल के बाद अगली बड़ी खेल-मनोरंजन क्रांति बनने जा रही है। यह एक अनोखा संगम है खेल, नाटक और कहानियों का। जो पूरी तरह भारतीय दर्शकों की पसंद को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसमें वैश्विक आकर्षण भी शामिल है। रेसलिंग एक्सट्रीम मेनिया के सीईओ ऋषि ने कहा, रेसलिंग एक्सट्रीम मेनिया सिर्फ एक और रेसलिंग कंपनी नहीं, बल्कि एक पहल है। जिसका मकसद भारतीय रेसलिंग प्रतिभा को वैश्विक मंच पर स्थापित करना है। हम एक ऐसा मंच बना रहे हैं जो पूरी तरह भारत में जन्मा हो, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर का हो। यह भारत का प्रो-रेसलिंग के क्षेत्र में दुनिया को दिया गया जवाब है। उन्होंने आगे कहा कि यह एक साल भर चलने वाला खेल-मनोरंजन प्लेटफॉर्म होगा, जिसमें दमदार कहानियां, जबरदस्त एथलेटिक प्रदर्शन और सांस्कृतिक जुड़ाव होगा। इसे टीवी, ओटीटी और लाइव इवेंट्स के जरिए पूरे देश में लाया जाएगा।



हमारा इरादा है कि हम भारत के सभी प्रमुख शहरों में नियमित लाइव शो करें। रेसलिंग एक्सट्रीम मेनिया के मुख्य संचालन अधिकारी और पूर्व रेसलिंग एक्सट्रीम मेनिया सुपरस्टार जीत ने कहा कि भारत में हमेशा से पहलवानी की एक गौरवशाली परंपरा रही है। गामा पहलवान से लेकर दारा सिंह तक। मेनिया उसी परंपरा को आज की पीढ़ी के लिए नए रूप में सामने लाने जा रहा है। मैंने डब्लयूडब्लयूई में पूरी दुनिया में प्रदर्शन किया, लेकिन भारत को हमेशा एक ऐसा मंच चाहिए था जो पूरी तरह भारतीय हो और रेसलिंग एक्सट्रीम मेनिया उसी सपने की सच्चाई है। यह मेरा घर है।

जब रेसलिंग एक्सट्रीम मेनिया ने भारत से दूरी बनानी शुरू की सोनी से नेटफिलिक्स की ओर रुख करते हुए और भारतीय रेसलर्स को हाशिए पर डाल दिया। तब भारतीय दर्शक, जो कि क्रिकेट के बाद सबसे बड़ी संख्या में डब्लयूडब्लयूई देखते थे, खुद को खास महसूस करने लगे। रेसलिंग एक्सट्रीम मेनिया इस खालीपन को भरने आया है। यह न केवल भारतीय पहलवानों को एक मंच देता है, बल्कि उन्हें एक सम्मानजनक और उच्च भुगतान वाली करियर की राह भी देता है। रेसलिंग एक्सट्रीम मेनिया सिर्फ एक कंपनी नहीं, एक अभियान हैः मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड – यानी भारत में बना एक मंच, जो स्थानीय प्रतिभा को निखारने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय सितारों को भी आकर्षित करेगा। नए सितारों के लिए लॉन्चपैड – जैसे कि केविन मलिक, नील, जोस्सन, कप्तान, देव और वेनोमस जैसे भारतीय रेसलर्स को अब अपनी पहचान बनाने का मंच मिल रहा है। दिग्गज रेसलर्स को वैश्विक मंच – जैसे कि राज द महाराजा (जिंदर महल), समुराय डेल सोल (कालिस्टो), क्रिस एडोनिस, एक्सल टिशर और भारत के गुरु (पूर्व में गुरु राज) अब इस मंच का हिस्सा हैं। स्पोर्ट्स-एंटरटेनमेंट की एक बौद्धिक संपदा – जो क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाओं को मजबूती देती है।, रोजगार पैदा करती है और वैश्विक स्तर पर भारत की सांस्कृतिक ताकत को बढ़ाती है। एक समृद्ध विरासत, नए रूप में भारत की पहलवानी परंपरा – गामा पहलवान, दारा सिंह और टाइगर जीत सिंह जैसी महान हस्तियों से शुरू होकर – आज हट के जरिए नए युग में प्रवेश कर रही है। यह मंच भारतीयता से जुड़ी कहानियां, बड़े-बड़े किरदार और साल भर चलने वाला रोमांचक खेल मनोरंजन ला रहा है – जो इससे पहले कभी नहीं देखा गया। सीईओ ऋषि ने कहा कि जैसे आइपीएल ने क्रिकेट को भारतीय रंग दिया, वैसे ही रेसलिंग एक्सट्रीम मेनिया प्रो रेसलिंग को भारतीय बनाएगा।

दरगाह साबिर पाक में नरेंद मोदी अध्ययन केंद्र के अध्यक्ष प्रो जसीम मोहम्मद ने दी हाजरी

पवित्र दरगाहो को सुरक्षित देखरेख करना ही सूफी परम्परा को बढ़ावा देना जैसा : प्रो जसीम मोहम्मद

मुंबई हलचल/संवाददाता

रूड़की। नरेंद्र मोदी अध्ययन केन्द्र (नमो केन्द्र) के चैयरमैन प्रोफेसर जसीम मोहम्मद ने अपने साथियों के साथ दरगाह पिरान कलियर शरीफ पहुँच कर पुष्पांजलि अर्पित कर, पहलगाम में मारे गए बेगुनाह पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिये दुआ की। प्रो जसीम ने कहा कि पहलगाम का आतंकी हमला इस्लाम और इंसानियत के खिलाफ था जिसकी निंदा अनेक देशों के साथ साथ सभी मुस्लिम देशों ने की है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि बिना किसी धर्म, जाति व वर्ग के भेदभाव के पूरे देश के नागरिकों को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने चाहियें ताकि भारत की अखंडता और एकता के खिलाफ साजिश

रचने वालों को करारा जवाब दिया जा सके। प्रो जसीम मोहम्मद ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह दे रहा है तथा भारत के विरुद्ध लगातार अघोषित युद्ध की स्थिति बनाये हुए है इस बार उसको भारत द्वारा सबक सिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और आतंक के खिलाफ सभी मुस्लिम देशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुलकर समर्थन दिया है। प्रो जसीम मोहम्मद ने कहा कि, भारत के पवित्र दरगाहो को सुरक्षित करना भी सूफी परम्परा को बढ़ावा देना जैसा होगा। इसलिए, सूफी परम्परा को ज़िन्दा रखने के लिए भारत के दरगाहो की मरमत और रख रखाव की आवश्यकता है। जातीय जनगणना के विषय में पूछे जाने पर सेंटर फॉर नरेंद्र मोदी स्टडीज (नमो केंद्र) के चैयरमेन प्रोफेसर जसीम मोहम्मद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 1931 के बाद पहली बार जातीय जन गणना का प्रस्ताव पारित कर ऐतिहासिक कदम उठाया है जिससे पिछड़े, दलित,आदिवासी सहित हर वर्ग को लाभ मिलेगा। उन्होंने मुस्लिम समुदाय से अपील की कि वह किसी के बहकावे में न आ कर वक़्फ़ (संशोधन) अधिनियम पर सरकार के निर्णय पर अमल करें ताकि वक़्फ़ संपत्तियों की रक्षा की जा सके। इस अवसर पर इंजी. साजिद अली साबरी, नमो केंद्र के सलाहकार समिति के सदस्य डॉक्टर जावेद रहमानी, जुनैद खान, सलमान अली, ओम प्रकाश, नाफिसुल हसन आदि मौजूद रहे।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

नवजात शिशु अपहरण मामले की गहन जांच की जाए

लोकहित मंच के अध्यक्ष मनोज भिसे की राज्य के चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ से की मांग

सांगली। लोकहित मंच के अध्यक्ष मनोज भिसे ने बताया कि मिरज के एक सरकारी अस्पताल से एक अज्ञात महिला द्वारा तीन दिन के नवजात शिशु का अपहरण करने की चौंकाने वाली घटना घटी, इस घटना की गहन जांच पड़ताल की मांग की है और कहा है कि संबंधित महिला को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, ऐसी मांग लोकहित मंच के अध्यक्ष मनोज भिसे ने महाराष्ट्र राज्य के चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ और जिलाधिकारी से मांग की है। सांगोला तहसील की एक महिला कविता समाधान अलदार को डिलीवरी के लिए मिरज सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो दिन की जान-पहचान का फायदा उठाकर एक अज्ञात महिला सुबह 11 बजे अलदर के प्रसूति

वार्ड में आई और नवजात शिशु को टीका लगाने के बहाने उसे 16 नंबर वार्ड में ले गई और वह से नवजात शिशु को साथ लेकर गायब हो गई। सरकारी अस्पताल से बच्चा चोरी होने की घटना सामने आई क्योंकि महिला बच्चे को वापस लेकर नहीं लौटी। इस घटना से सुरक्षा व्यवस्था पर पर सवाल उठ रहा है। फिलहाल अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था ऐसी है कि वह सिर्फ सामान्य मरीजों के रिश्तेदारों को ही रोककर उनसे रिश्ते के आधार पर पूछताछ करती है, लेकिन क्या ऐसी स्थिति में वे देखभाल का अपना कर्तव्य भूल जाते हैं? यह प्रश्न नागरिकों द्वारा पूछा जा रहा है। इसलिए इस घटना के लिए सुरक्षा व्यवस्था और अस्पताल प्रशासन पूरी तरह से जिम्मेदार है, इसलिए तत्काल जांच शुरू की जानी चाहिए और बच्चे को सुरक्षित उसके परिजनों को सौंपा जाना चाहिए। इसकी जांच के लिए एक जांच समिति नियुक्त की जानी चाहिए। अन्यथा नागरिकों द्वारा इस मामले का कड़ा विरोध किया जाएगा। ऐसी चेतावनी लोकहित मंच की ओर से दी गई है।

रमझान शेख के राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के लोक सेवा कार्यालय का भव्य उद्घाटन

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तथा विधायक दल के नेता सन्मा. विधायक डॉ. जितेंद्र आव्हाड साहब द्वारा और ठाणे जिला अध्यक्ष सन्मा. सुहास देसाई साहब की उपस्थिति में महाराष्ट्र राज्य संगठक सचिव रमझान शेख के खारघर में पार्टी कार्यालय का उद्घाटन समारोह बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मा. श्री. जितेंद्र आव्हाड साहब की अविस्मरणीय उपस्थिति से इस नए कार्यालय के माध्यम से पार्टी का संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा लोगों तक सीधे पहुंच जा सकता हे। रमझान शेख ने यह भी कहा कि इस कार्यालय का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुनना, पार्टी के लक्ष्यों और नीतियों को बताना तथा युवाओं में जागरूकता पैदा करना होगा। इस अवसर पर महाराष्ट्र प्रदेश युवा महासचिव राजेश कदम, ठाणे जिला शासकीय महासचिव राजेश साटम, ठाणे शहर सचिव सुनील कुर्हाड़े, शील विभाग अध्यक्ष गणेश मुंडे, खारघर शहर अध्यक्ष ज्ञानेश्वर शिंदे, खारघर शहर महासचिव मंथन कांबले, इकबाल शेख और बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रमजान अली चौधरी बने अशरा चैरिटेबल ट्रस्ट के मुंबई उपाध्यक्ष, वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में हुआ सम्मान

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। अशरा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा एक गरिमामय कार्यक्रम में रमजान अली चौधरी को मुंबई का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष शीतल ताई वालीकर और महामंत्री संदीप उधारकर की उपस्थिति में की गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रमाकांत गुप्ता और जयप्रकाश दुबे भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुंबई इकाई के अध्यक्ष इरशाद शेख ने की, जिन्होंने औपचारिक रूप से

रमजान अली चौधरी को उनकी नई जिम्मेदारी

सौंपी। कार्यक्रम में सभी उपस्थित गणमान्य लोगों ने रमजान अली चौधरी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। फूलों और तालियों के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। रमजान अली चौधरी ने भी सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज सेवा को ही अपना धर्म मानते हैं और इस नई जिम्मेदारी को ईमानदारी व समर्पण के साथ निभाएंगे। अशरा चैरिटेबल ट्रस्ट और समाज में इस नई नियुक्ति को लेकर खुशी की लहर है।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

दाऊद के करीबी आरोपी फारूक टकला को कोर्ट ने सुनाई 5 साल की सजा

फारूक को यूएई से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद 1993 के सिलसिलेवार बम धमाकों के लिए मुकदमे का सामना करना पड़ रहा है। उसे 1995 में फरार आरोपी घोषित किया गया था क्योंकि धमाकों में साजिशकर्ता के तौर पर नाम आने के बाद भी उसका पता नहीं चल पाया था। फारूक पर आरोप है कि वह मुस्ताक मोहम्मद मियां के नाम से यूएई में रह रहा था। 2001 में वह दुबई में भारत के महावाणिज्य दूतावास से फर्जी पहचान के साथ पासपोर्ट हासिल करने में कामयाब रहा। इस पासपोर्ट की वैधता 2002 में समाप्त हो गई थी। सीबीआई ने आरोप लगाया कि फारूक ने 2011 में वाणिज्य दूतावास से उसी फर्जी पहचान के साथ एक और पासपोर्ट जारी करवाया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आरडी चव्हाण ने अपने आदेश में कहा है कि आरोपी ने इस बात से इनकार नहीं किया कि 8 मार्च 2018 को वह दुबई से दिल्ली एयरपोर्ट आया था। जब आरोपी ने जाली पासपोर्ट के बारे में इनकार किया तो वह यह दिखाने में विफल रहा कि वह किस पासपोर्ट पर दुबई गया था और किस पासपोर्ट पर वह फिर से भारत आया था। आरोपी यह बताने में भी विफल रहा कि यात्रा की प्रासंगिक तिथि पर उसके पास अपने नाम का वैध पासपोर्ट था। आरोपी अपने पासपोर्ट और अन्य विवरण, जैसे कि उसने पासपोर्ट के लिए और पासपोर्ट के नवीनीकरण के लिए कब आवेदन किया और वह बिना वैध पासपोर्ट के दुबई कैसे गया या किस पासपोर्ट पर गया?, देने में विफल रहा है।

साइबर क्राइम के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस अलर्ट

2024 में केवल महाराष्ट्र में 8,947 साइबर अपराध के मामले दर्ज हुए, जो डिजिटल धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं को दर्शाता है। पुणे में सबसे ज्यादा 6,707 करोड़ रुपये का वित्तीय नुकसान दर्ज हुआ। नागपुर में 212 मामले दर्ज हुए, जिनमें 63.85 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई। मुंबई में सबसे ज्यादा 4,849 मामले दर्ज किए गए। महाराष्ट्र साइबर के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस संजय शिंत्रे के अनुसार भारत में 15 करोड़ से ज्यादा वरिष्ठ नागरिक हैं, जो कम डिजिटल जानकारी और वित्तीय संपत्तियों तक पहुंच के कारण बड़ी आसानी से साइबर अपराधियों का निशाना बनते हैं। डिजिटल अरेस्ट के बारे में हमेशा याद रखें कि कोई भी सरकारी विभाग या पुलिस, एयरपोर्ट, कस्टम्स, इनकम टैक्स, सीबीआई, क्राइम ब्रांच, सीआईडी, ईडी जैसी कानूनी एजेंसी वीडियो कॉल के जरिए पूछताछ नहीं करती। संजय शिंत्रे ने कहा कि इस बढ़ते खतरे से निपटने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने विशेष साइबरक्राइम ऑफिस बनाए हैं। यह भारत में एकमात्र ऐसी व्यवस्था है जहां पीड़ित 24 घंटे हमारी हेल्पलाइन के जरिए शिकायत दर्ज कर सकते हैं। हम नए स्कैम्स पर सलाह जारी कर रहे हैं और नागरिकों से सतर्क रहने की अपील कर रहे हैं। हमने एक खास प्लेटफॉर्म बनाया है जहां पीड़ित शिकायत दर्ज कर तुरंत जांच शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी पेमेंट करने की कोई समय सीमा हो, तो हमेशा मान लें कि यह साइबर अपराध है।

महाराष्ट्र के किसानों को नहीं मिला रहा पैसा

राज्य सरकार ने अरहर के लिए 7,550 रुपये प्रति क्विंटल खरीद मूल्य तय किया है, जो मौजूदा बाजार दरों से अधिक है। इसने अधिक किसानों को अपनी उपज सरकारी केंद्रों पर बेचने के लिए प्रोत्साहित किया है, जिसके परिणामस्वरूप पंजीकरण में वृद्धि हुई है। अधिकारी ने कहा कि अधिक संख्या में पंजीकरण ने आंशिक रूप से प्रणाली को प्रभावित किया है। राज्य विपणन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) ने अब तक महाराष्ट्र में लगभग 6.5 लाख क्विंटल अरहर की खरीद की है। बुलढाणा जिले के किसान निम्बाजी लाखाडे ने कहा कि मैंने 9 और 24 मार्च को सरकार द्वारा निर्धारित केंद्रों पर अरहर बेची और सभी आवश्यक दस्तावेज से जुड़ी कवायद पूरी की। लेकिन मुझे आज तक कोई भुगतान नहीं मिला है। अधिकारियों ने बताया कि किसानों ने मांग की है कि अरहर खरीद की समयसीमा, जो पहले 30 अप्रैल तय की गई थी, बढ़ाई जाए। कई किसान सरकारी एजेंसियों को बेचने के इच्छुक हैं क्योंकि यह खुले बाजार में दाल बेचने से ज्यादा लाभकारी है।

पत्नी और 4 साल की सौतेली बच्ची की निर्मम हत्या

आरोपी का नाम सूरज गणवीर है और वह तार फाइल इलाके में रहता है। उसकी पत्नी अश्विनी गणवीर उम्र 25 साल है, दोनों की दूसरी शादी हुई है। कैटरिंग का काम करने वाला सूरज पहले से शादीशुदा था, लेकिन उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई और फिर कुछ दिन पहले उसने अश्विनी से दूसरी शादी कर ली। सूरज और अश्विनी के बीच छोटी-छोटी बातों पर विवाद होता रहता था। सूरज को उस छोटी-सी बात पर गुस्सा आता था और हमेशा उसके दिमाग में अपनी पत्नी को मारने के ख्याल आते थे। गुस्सा उसके दिमाग में इतना गहरा गया कि आखिरकार शनिवार को अश्विनी और सूरज के बीच फिर से झगड़ा हुआ और बहस इतनी बढ़ गई कि उसने घर में ही अपनी पत्नी का गला घोंटकर हत्या कर दी।

खबर संक्षेप

विधायक पटेल 40 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बांसवाड़ा। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आई है। बांसवाड़ा के

बागीदौरा से भारतीय आदिवासी पार्टी के विधायक जयकृष्ण पटेल को एसीबी ने रिश्वत मामले में ट्रैप किया है। यह कार्रवाई 1ब विधायक के गनमैन के जरिए 20 लाख की पहली किस्त के रूप में कथित रिश्वत ली जा रही थी।

कार पेड़ से टकराई 4 की असमय मौत

प्रयागराज। यहां के पिपरी कोतवाली के कस्बा चायल के आगे शनिवार रात करीब 12 बजे

लौट रहे बरातियों की कार गुंगवा की बाग स्थित शिवरानी गेस्ट हॉउस के समीप जामुन के पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार 4लोगों की मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप घायल हो गया है। डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

हिमाचल में टैक्सी में रखना होगा कूड़ादान

कांगड़ा। हिमाचल प्रदेश सरकार ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया

है। राज्य में सभी व्यावसायिक वाहनों में कूड़ादान रखना अनिवार्य कर दिया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर 10,000 रतक का जुर्माना लगाया जाएगा। नियम के सख्ती से पालन करने को कहा है।

दुर्घटना में दो छात्राओं सहित तीन की मौत

जयपुर। जयपुर के बस्सी इलाके में रविवार सुबह एक सड़क हादसे में 2 छात्राओं सहित 3 लोगों की मौत

हो गई। युवतियां कोचिंग के लिए जा रही थीं और उन्होंने बाइक वाले से 'लिफ्ट' ली थी। तभी तिराहा पुलिया के पास एक डंपर ने वाहन को टक्कर मार दी। मृतकों में प्रिया और खुशी व खुशीराम के रूप में हुई है।

ब्राउन यूनिवर्सिटी के वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में बोले राहुल

कांग्रेस की सारी गलतियों की जिम्मेदारी स्वीकार की, सिख दंगों को भी बताया गलत

कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने इतिहास में कई गलतियां की गईं

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान अपनी पार्टी द्वारा की गई ऐतिहासिक गलतियों को स्वीकार लिया है। उन्होंने उस भीषण दंगे को लेकर यह तक कहा कि वो अपनी पार्टी की हर एक जिम्मेदारी लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कांग्रेस नेता राहुल ने ब्राउन यूनिवर्सिटी के वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान लोगों के सवाल के जवाब दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने सिख दंगों को लेकर कहा कि वे उन घटनाओं के दौरान मौजूद नहीं थे, लेकिन वे कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने इतिहास में की गई हर गलती की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। छात्र ने आनंदपुर साहिब प्रस्ताव पर दावा किया कि कांग्रेस ने इसे अलगाववादी घोषणापत्र के रूप में गलत तरीके से पेश किया है। उन्होंने सिख समुदाय के साथ सामंजस्य स्थापित करने में पार्टी की विफलता की आलोचना की और सजा पाए पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को दंड से मुक्ति का सबूत बताते हुए, कहा कि कांग्रेस पार्टी में कई और सज्जन कुमार बैठे हैं।

प्रश्नोत्तर सत्र में सवालों के जवाब दिए

हम कांग्रेस की हर जिम्मेदारी लेने को तैयार

छात्र के सवाल का जवाब देते हुए राहुल ने कहा कि मैंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि 80 के दशक में जो हुआ वह गलत था। मैं कई बार स्वर्ण मंदिर गया हूं। भारत में सिख समुदाय के साथ मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं। उन्होंने आगे कहा कि जहां तक कांग्रेस पार्टी की गलतियों का सवाल है, उनमें से बहुत सी गलतियां तब हुईं जब मैं वहां नहीं था, लेकिन मैं कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने इतिहास में की गई हर गलत चीज की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार हूं।

दंगों में 3,000 सिखों की हत्या की गई थी

इंस्टीट्यूट में एक कार्यक्रम के दौरान एक सिख छात्र ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भड़की हिंसा में कांग्रेस की भूमिका को लेकर गांधी से सवाल किया था, जिसके कारण 3,000 से अधिक सिखों की हत्या कर दी गई थी। इनमें से अधिकतर की हत्या दिल्ली में हुई थी, तथा कई कांग्रेस नेताओं पर इसमें मिलीभगत के आरोप भी लगे थे। छात्र ने भाजपा सरकार में धार्मिक स्वतंत्रता पर गांधी की पिछली टिप्पणी पर सवाल उठाते हुए कहा कि आप सिखों के बीच यह डर पैदा कर रहे हैं कि भाजपा कैसी दिखेगी? हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता चाहते हैं, जिसकी कांग्रेस पार्टी के शासन में अतीत में अनुमति नहीं दी गई।

राहुल पर भड़के शंकराचार्य

कांग्रेस नेता को हिंदू धर्म से बहिष्कृत करेंगे

ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने राहुल गांधी को लेकर कहा है कि राहुल अब हिंदू धर्म का

हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने उन्हें हिंदू धर्म से सार्वजनिक रूप से बहिष्कृत करने की घोषणा की है। बद्रीनाथ स्थित शंकराचार्य आश्रम में स्वामी ने कहा कि राहुल ने संसद में मनुस्मृति के संदर्भ में जो बयान दिया, उससे संपूर्ण सनातन धर्मावलंबी आहत हैं। शंकराचार्य ने कहा कि राहुल संसद में कहते हैं बलात्कारी को बचाने का फॉर्मूला संविधान में नहीं आपकी किताब यानी कि मनुस्मृति में लिखा है।

जाति गणना पर बोले तिवारी

राहुल गांधी को अपनी जाति बतानी पड़ेगी

जाति गणना को लेकर देश में चारों तरफ हो रहे शोर के बीच भाजपा के सांसद मनोज तिवारी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता

राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला है। तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी सनातन धर्म से, हिंदू धर्म से बहुत जलन है। जाति गणना अभी शुरू होगी तो राहुल को बताना पड़ेगा कि वे किस जाति से हैं? तब यह सारा मामला खुल जाएगा। मोदी सरकार ने जाति गणना कराने का ऐलान किया था। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल लगातार जाति गणना कराए जाने की मांग को उठाते रहे हैं।

कांग्रेस राष्ट्र द्रोही और रामद्रोही पार्टी: पूनावाला

राहुल गांधी के एक वीडियो को लेकर भाजपा का कहना है कि राहुल ने भगवान राम को पौराणिक बताया। उनके एक वीडियो को ट्वीट कर भाजपा के प्रवक्ता

शहजाद पूनावाला ने कहा है कि कांग्रेस राष्ट्र द्रोही है और अब रामद्रोही भी हो चुकी है। पूनावाला ने कहा है कि राहुल ऐसा मानते हैं कि भगवान राम काल्पनिक थे। पूनावाला ने कहा कि यह उसी एफिडेविट की भाषा है जो सोनिया गांधी ने यूपीए सरकार के वक्त रामसेतु को तोड़ने के लिए दर्ज करवाई थी। पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस ने भगवा आतंक की परिभाषा गढ़ी थी। पूनावाला ने कहा कि राहुल और सोनिया राम मंदिर के उद्घाटन के मौके पर नहीं गए। कांग्रेस राम विरोधी और हिंदू विरोधी है।

1008 संभाषण शिविरों के समापन समारोह में बोले गृहमंत्री शाह

देश में किसी भाषा का विरोध नहीं पर संस्कृत मजबूत होगी तो बाकी भाषाएं भी सबल होंगी

संस्कृत भारती ने किया था कार्यक्रम का आयोजन

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति के पुनरोत्थान के लिए संघ और संस्कृत भारती ने एक मजबूत अभियान शुरू किया है।सरकार किसी भी भाषा का विरोध नहीं करती, बल्कि सभी भाषाओं को सशक्त बनाना चाहती है। ये बातें शाह ने संस्कृत भारती द्वारा आयोजित 1008 संभाषण शिविरों के समापन समारोह में कही।शाह ने

कहा कि संस्कृत अधिकांश भारतीय भाषाओं की जननी है। यदि संस्कृत मजबूत होगी तो बाकी भाषाएं भी मजबूत होंगी। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।

संस्कृत के अमृत ज्ञान को दुनिया में पहुंचाएं

शाह ने कहा कि संस्कृत के अमृत ज्ञान को सरल भाषा में दुनिया तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने सभी से अपील की कि संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि सरकार ने पांडुलिपियों के संरक्षण और डिजिटाइजेशन के लिए 500 करोड़ का बजट तय किया गया है। इस मौके पर दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने भी विचार रखे। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में हजारों लोगों ने भाग लिया, जो मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

शिवानंद बाबा नहीं रहे, पीएम दुखी

नई दिल्ली। योग साधक और काशी निवासी शिवानंद बाबा का

■ योग से समाज की सेवा की

शनिवार रात निधन हो गया। 129 वर्ष के योग गुरु पद्मश्री शिवानंद ने बीएचयू में अंतिम सांस ली। उनके निधन पर पीएम नरेंद्र मोदी ने दुख जताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, योग और साधना को समर्पित उनका जीवन देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। समाज सेवा के लिए उन्हें पद्मश्री दिया गया था।

मंत्री पंकजा मुंडे को अश्लील कॉल और मैसेज करने वाला आरोपी गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र की मंत्री पंकजा मुंडे ने कुछ समय पहले पुलिस में शिकायत की थी कि उन्हें कोई अश्लील मैसेज और कॉल कर के बार-बार परेशान कर रहा है। बीजेपी नेता पंकजा मुंडे कि शिकायत पर साइबर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। साइबर पुलिस ने एक्टिव होकर अश्लील मैसेज भेजने वाले आरोपी का पता लगाया। पुलिस को पता चला कि मैसेज भेजने वाला 25 वर्षीय आरोपी अमोल काले है। पुलिस ने आरोपी अमोल काले को पुणे से पकड़ कर गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की।

पंडित हृदयनाथ मंगेशकर, मंत्री श्रउदय सामंत, अनु अग्रवाल, नायरा एम बनर्जी, पंकज बेरी 17वें न्यूजमेकर्स अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित

मुंबई। महाराष्ट्र दिवस और मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में मुंबई के यशवंतराव चव्हाण सभागार में आफ्टरनून वॉइस प्रेजेंट 17वें न्यूजमेकर्स अचीवर्स अवार्ड का आयोजन किया गया। डॉ. वैदेही तमान द्वारा आयोजित इस समारोह में पंडित हृदयनाथ मंगेशकर, मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक रामलाल, मंत्री श्री उदय सामंत, मंत्री योगेश कदम, अनु अग्रवाल आशिकी अभिनेत्री, नायरा एम बनर्जी, पंकज बेरी, स्मिता जयकर, अप्पा परब जी, जे वी पवार,मास्टर अयान खान, सहित कई आईएएस,आईपीएस अधिकारी और कई मीडिया प्रमुख को इस सम्मान से नवाजा गया। पहलगाम हमले में हुए शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सभी ने मौन धारण किया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। सभी अतिथियों को शॉल देकर सम्मानित किया गया। हृदयनाथ मंगेशकर को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मिला जिसे स्वीकार करते हुए उषा ताई ने कहा कि हृदयनाथ मंगेशकर का फोन आया कि मैं शाम को जाकर उनका यह अवार्ड स्वीकार कर लूं। डॉ वैदेही को इतना अच्छा अवार्ड देने के लिए आभार। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक रामलाल थे। स्मिता जयकर, अप्पा परब जी, जे वी

पवार, स्मिता जयकर और अभिनेत्री अनु अग्रवाल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। मंत्री श्री उदय सामंत को बेस्ट वर्किंग पॉलिटिशियन अवार्ड से सम्मानित किया गया। श्री उदय सामंत ने कहा कि उषा ताई, रामलाल जी, योगेश कदम, डॉ वैदेही सहित यहां उपस्थित सबको पहले महाराष्ट्र दिवस, मजदूर दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। सौभाग्यशाली मानता हूं कि स्टेज पर ऐसी ऐसी हस्तियां बैठी हैं और मुझे सम्मानित किया गया। इस अवार्ड से हमारी ऊर्जा बढ़ेगी। बेस्ट वर्किंग पॉलिटिशियन अवार्ड से मंत्री श्री योगेश कदम को भी सम्मानित किया गया। हम दिल दे चुके सनम फेम अदाकारा स्मिता जयकर ने लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड हासिल करने के बाद कहा कि कितने दिग्गज लोग स्टेज पर हैं। मैं एक बार फिर वैदेही को दिल से धन्यवाद देती हूँ। सोशल केटेगरी मे यह अवॉर्ड बेस्ट आईपीएस अधिकारी के लिए संदीप तमगडगे, डिफेंस सर्विस में योगदान के लिए कर्नल प्रभात सूद (रिटायर्ड), बेस्ट सोशल वर्कर महामंडलेश्वर पायल नंदगिरी जी, बेस्ट डॉक्टर डॉ वेणु गोपाल राम राव, बेस्ट वैदिक आचार्य पंडित विद्याधर मिश्रा, सर्वश्रेष्ठ हिन्दी साहित्यकार यतींद्र कटारिया को दिया गया। मनोरंजन क्षेत्र में बेस्ट वर्सटाइल ऐक्टर का अवॉर्ड पंकज बेरी, बेस्ट वर्सटाइल एक्ट्रेस का अवॉर्ड नायरा एम बनर्जी, बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट अयान खान को मिला। मीडिया क्षेत्र में बेस्ट एंकरिंग का अवॉर्ड अशोक श्रीवास्तव को मिला। सरिता कौशिक एबीपी माझा (न्युज एडिटर) को भी सम्मानित किया गया। मुंबई में काउंसिल जेनरल ऑफ स्वीडन मिस्टर स्वेन ऑस्टबर्ग, सोशल उद्यमी डॉ नंदिता पाठक और समाजसेवी माया राम बहादुर लामा को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रामलाल ने कहा कि डॉ वैदेही जो कर रही हैं इससे उनका जीवन सार्थक हो रहा है आपको ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं। आप इसी तरह सभी को प्रेरित करती रहें। महाराष्ट्र ऐसी भूमि है जिसने विश्व को दिशा दी है। छत्रपति शिवाजी महाराज सहित कई महान हस्तियों को याद करते हुए समाज, देश के हित में हम कार्य करते रहें। मैं 50 वर्षों से आर एस एस का प्रचारक हूं। हमको तोड़ने के प्रयास किए गए, लेकिन हम आग बुझाने वालों में है। अपनी संस्कृति पर गर्व करते हुए एक भारत के संदेश को विश्व भर में दिया जाए। दुनिया भारत की बहुत सी चीजों को स्वीकार कर रही है। भारत का अध्यात्म, फैमिली सिस्टम पर रिसर्च किया जा रहा है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

एक मीडिया रिपोर्ट में बड़ा खुलासा: पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के पास नहीं बचा गोला-बारूद

युद्ध हुआ तो सिर्फ 4 दिन में घुटनों पर होगा पाक, ज्यादा देर तक नहीं टिक पाएगी सेना

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के चौरतफा दबाव से घिरे पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ, उनके मंत्री और सैन्य अधिकारी भले ही युद्ध की धमकी दे रहे हों लेकिन हकीकत कुछ ओर ही बयां करती है। दरअसल, पाकिस्तान की सेना इन दिनों एक गंभीर गोला-बारूद संकट से जूझ रही है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सेना के पास सिर्फ 96 घंटे तक युद्ध लड़ने के लिए जरूरी गोला-बारूद बचा है।

इसका मतलब है कि अगर कोई भी उच्च तीव्रता वाला युद्ध शुरू हो जाए, तो पाकिस्तान की सेना ज्यादा देर तक टिक नहीं पाएगी। इस संकट की एक बड़ी वजह पाकिस्तान द्वारा हाल ही में यूक्रेन को भेजा गया हथियारों का जखीरा है। खास तौर पर 155एमएम आर्टिलरी शेल्स की भारी मात्रा में आपूर्ति से पाकिस्तान के पास अपने भंडार खत्म हो गए हैं। ये गोले पाकिस्तान की आर्टिलरी-आधारित युद्ध नीति के लिए बेहद जरूरी हैं, जो अब सीधे तौर पर प्रभावित हो रही है। पाकिस्तान की हथियार निर्माण कंपनी पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री (पीओएफ), जो सेना को गोला-बारूद उपलब्ध कराती है वो अब पुराने उपकरणों और सीमित उत्पादन क्षमता के कारण घरेलू मांग पूरी नहीं कर पा रही है। पीओएफ का दावा है कि उसकी प्राथमिकता घरेलू जरूरतें हैं, लेकिन वर्तमान हालात में वो असफल रही है।

इस संकट की एक बड़ी वजह पाकिस्तान द्वारा हाल ही में यूक्रेन को भेजा गया हथियारों का जखीरा है। खास तौर पर 155एमएम आर्टिलरी शेल्स की भारी मात्रा में आपूर्ति से पाकिस्तान के पास अपने भंडार खत्म हो गए हैं।

155एमएम आर्टिलरी शेल्स की आपूर्ति से भंडार खत्म

पीओएफ द्वारा गोला-बारूद निर्माण की सीमित क्षमता



डिपो में गोला-बारूद नहीं

बढ़ते खतरे को देखते हुए पाकिस्तान ने भारत सीमा के पास नए गोला-बारूद डिपो बनाना शुरू किया है। लेकिन जानकारों का कहना है कि जब भरने के लिए गोला-बारूद ही नहीं है, तो इन डिपो का कोई रणनीतिक फायदा नहीं होगा। एक रक्षा विशेषज्ञ ने बताया कि पाकिस्तान ने अपने गोले दूसरे देशों के युद्ध में भेज दिए और खुद खाली हाथ रह गया। यह एक आर्थिक लाभ के लिए उठाया गया कदम था, जिसने दीर्घकालिक रणनीतिक नुकसान पहुंचाया है।

सैटेलाइट इमेज से हुई ना'पाक' करतूत बेनकाब

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में लश्कर-ए-तैयबा के प्रशिक्षण शिविर की तस्वीर सामने आई है। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को पीओके में मौजूद लश्कर के इस शिविर की सैटेलाइट इमेज मिली है।इस शिविर का नाम 'जंगल मंगल शिविर' है और यह पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मनसेहरा जिले के अतर सीसा कस्बे में स्थित है।



पीओके में दिखा लश्कर-ए-तैयबा का प्रशिक्षण

लश्कर के प्रशिक्षण शिविर के पास मिलिट्री एस्टेब्लिशमेंट बिल्डिंग और एक मस्जिद भी मौजूद है। प्रशिक्षण शिविर में एक लिविंग एरिया, गेस्ट मीटिंग हॉल है। हथियारों की प्रैक्टिस के लिए एक बड़ा ग्राउंड एरिया भी मौजूद है। शिविर में विदेशी आतंकियों को प्रशिक्षित करने की अलग से व्यवस्था है। पीओके में मौजूद इस जंगल मंगल आतंकी प्रशिक्षण शिविर के फगला बीआर लोकेशन पर आतंकियों और आईएसआई के बड़े कमांडरों की बैठकें होती हैं।

सेना के शीर्ष अधिकारियों की बैठक में उठा मुद्दा

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 2 मई को हुई कोर कमांडर्स की विशेष बैठक में इस गंभीर स्थिति पर चर्चा हुई। सेना के वरिष्ठ अधिकारी इस हालात को लेकर बेहद चिंतित हैं और कई हद तक असहज महसूस कर रहे हैं। पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा पहले ही पाकिस्तान की सीमित युद्ध क्षमता को लेकर चेतावनी दे चुके थे। उन्होंने आर्थिक और लॉजिस्टिक समस्याओं को प्रमुख वजह बताया था। पाकिस्तान की वर्तमान आर्थिक स्थिति, जिसमें महंगाई चरम पर है, कर्ज लगातार बढ़ रहा है और विदेशी मुद्रा भंडार गिर रहा है।

नाइट शिफ्ट से लौटे पति के पैरों तले खिसकी जमीन, पत्नी समेत 3 बेटियां लटकी दिखी फांसी के फंदे पर

ठाणे। भिवंडी शहर के फेने गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी है। पत्नी ने अपनी 3 बेटियों के साथ फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। पति नाइट शिफ्ट में काम पर गया हुआ था, सुबह पति काम से घर लौटा। तब यह घटना उजागर हुई। मजदूर लालजी बनवारीलाल भारती अपनी पत्नी पुनीता (32) और बेटियों नंदिनी (12), नेहा (7) और अनु (4) के साथ फेने गांव में एक चॉल में रहते थे। लालजी नाइट शिफ्ट में काम पर गया था। सुबह करीब 9 बजे जब वह घर लौटा तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। जब पत्नी ने कई बार दरवाजा खटखटाने के बाद भी दरवाजा नहीं खोला तो उसके पति लालजी ने छोटी सी खिड़की से अंदर झांका तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। जब लालजी ने निराश होकर दरवाजा तोड़ा तो अंदर छत पर लगे लोहे के एंगल से लटकती हुई पत्नी समेत तीनों बच्चियों की लाशें मिलीं। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस बीट मार्शल मौके पर पहुंचे। इसके बाद भिवंडी सिटी पुलिस स्टेशन की एक वरिष्ठ महिला पुलिस अधिकारी ने घटनास्थल पर पंचनामा किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए स्वर्गीय इंदिरा गांधी स्मृति उपजिला अस्पताल भेज दिया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

ये हैं थाइरॉयड के संकेत, इन्हें न करें इग्नोर

थाइरॉयड हमारी बॉडी में पाई जाने वाली एंडोक्राइन ग्लैंड में से एक होती है। गले में मौजूद यह ग्लैंड थाइरॉक्सिन हॉर्मोन बनाती है, जो कई तरह से बॉडी फंक्शन्स पर असर डालती है। इससे ग्रस्त मरीज को हर रोज दवा का सेवन करना पड़ता है। अगर दवा बीच में छूट जाए तो इससे कई तरह की समस्याएं हो सकती है। वैसे तो थाइरॉयड कई हफ्ते पहले ही संकेत देने लगता है, लेकिन कुछ लोग इसे

नजरअंदाज कर देते है जो धीरे-धीरे बीमारी का रूप ले लेता है। बेहतर है कि थाइरॉयड के शरूआती लक्षणों को पहचाना जाए और उसका समय पर इलाज किया जाएं।

1. वजन बढ़ना या घटना

अगर आपका वजन अचानक से बढ़ने लगे या बिल्कुल ही घट जाए तो आपको हाइपोथॉइराइडिज्म की शिकायत हो सकती है। इसलिए इस सकेंत को हल्के में न लें और तुरंत डॉक्टर का सलाह लें।

2. चुभन और दर्द

थाइरॉयड प्रॉबल्म होने पर ग्ले में सूजन आ जाती है। इसके अलावा सुई की चुभन जैसा हल्का सा दर्द बना रहता है। अगर आपको भी ऐसे लक्षण दिखाई देते है तो तुरंत डॉक्टर के पास जाए।

3. थकान

ज्यादा आलस आना और हर वक्त काम करते समय कमजोरी जैसा फील होना, यह सब थाइरॉयड के संकेत है।

4.बाल और त्वचा रूखी

थाइरॉयड होने पर त्वचा ड्राई होने लगती है चेहरे की चमक भी फीकी बढ़ जाती है। इसके अलावा बाल रूखे-बेजान होने लगते है।

5. दर्द की शिकायत

बिना किसी वजह से जोड़ों में दर्द रहना भी थाइरॉयड का संकेत है। इसलिए इसे मामूली दर्द समझकर बेफिकर न होकर बैठे बल्कि डॉक्टर के पास जाए।

6. डिप्रैशन

शरीर में थाइरॉक्सिन हॉर्मोन का लेवल कम होने के कारण मूड अक्सर बिगड़ा रहता है। किसी भी काम में मन नहीं लगता और दिमाग कमजोर हो जाता है।

बच्चों को सर्दी-जुकाम से ऐसे रखें दूर

मौसम में बदलाव के कारण छोटी-छोटी स्वास्थ्य संबंधी समस्याए जैसे सर्दी, खांसी, जुकाम आदि होना आम बता है। बड़ों की तुलना में छोटे बच्चे सर्दी-जुकाम जैसी परेशानियों के शिकार हो जाते है। ऐसे में बच्चों की प्रोपर केयर करनी पड़ती है, ताकि छोटा सा सर्दी-जुकाम किसी बड़ी परेशानी का सबब न बन जाए। बच्चों के त्वचा काफी नाजुक होती है जो दूषित हवा या किसी संक्रमित व्यक्ति की समीपता के कारण वह जल्दी ही रोगाणुओं के संपर्क में आ जाते हैं। इस से बच्चों को0बचाने के लिए मां-बाप कई दवाइयां लेकर आते है लेकिन उनका कोई ज्यादा असर दिखाई नहीं देता। ऐसे में आप कुछ घरेलू तरीके अपनाकर बच्चे को सर्दी-जुकाम से बचा सकते है।

1. नींबू

एक कढ़ाई में 4 नींबू के रस और उसके छिलके डाल लें। फिर इसमें 1 चम्मच अदरक और थोड़ा पानी डालकर 10 मिनट तक काढ़े। अब इस मिश्रण छानकर अलग कर लें। इस पानी में शहद मिलाकर बच्चे को दिन 2-3 बार पीने के लिए दें।

2. शहद

अगर बच्चा 1 साल या उससे छोटी उम्र का है तो एक चम्मच नींबू के रस में 2 चम्मच कच्चा शहद मिलाकर बच्चे को 2-3 घंटे के अंतराल में पिलाएं। इससे बच्चे को सूखी खांसी और सीने के दर्द से राहत मिलेगी।

3. अदरक

6 कप पानी में आधा कप बारीक कटे हुए अदरक और दालचीनी के 2 छोटे टुकड़ों को 20 मिनट तक धीमी आंच परपकाएं। इसे छानकर शहद मिला लें। इस काढ़े में बच्चे को बराबर मात्रा में गर्म -पानी मिलाकर पिलाएं।

प्याज खाने के बाद मुंह से आती है बदबू तो अपनाएं ये टिप्स

खाने की शायद ही कोई चीज हो जिसमें प्याज का इस्तेमाल न किया जाए। ज्यादातर सब्जियों में प्याज का ही तड़का लगाया जाता है और कई लोग तो स्लाद में भी कच्चा प्याज खाना पसंद करते हैं लेकिन प्याज खाने से मुंह से बदबू आने लगती है जिससे दूसरों को काफी परेशानी होती है। कुछ लोग सिर्फ इसी वजह से इसका सेवन नहीं कर पाते। ऐसे में प्याज खाने के बाद मुंह की दुर्गंध को दूर करने के लिए कुछ आसान तरीके अपना सकते हैं।

1. पुदीना

मुंह की बदबू को दूर करने के लिए पुदीने की पत्तियों का इस्तेमाल कर सकते हैं जो एक माउथफ्रैश का काम करता है। प्याज खाने के बाद पुदीने की 3-4 पत्तियां चबा लें।

2.राई

राई जिसे सरसों के बीज भी कहा जाता है, मुंह की बदबू को दूर करने के लिए राई भी खा सकते हैं। जब भी प्याज खाएं उसके बाद थोड़ी-सी राई को मुंह में डालकर चबाएं और फिर निगल जाएं।

3.वोडका

प्याज खाने के बाद 2 घूंट वोडका भी पी सकते हैं जिससे मुंह की दुर्गंध दूर होगी और दूसरे लोगों को कोई परेशानी भी नहीं होगी।

4.गाजर

जब भी स्लाद में प्याज का सेवन करें तो साथ में कच्ची गाजर भी शामिल करें। इन दोनों का साथ में सेवन करने से मुंह से प्याज की दुर्गंध नहीं आएगी।

5.मशरूम

जब भी मुंह से प्याज की दुर्गंध आए तो मशरूम खा लें। मशरूम की पकी हुई सब्जी तो हर समय नहीं मिल सकती। ऐसे में कच्ची मशरूम का छोटा-सा टुकड़ा भी खा सकते हैं।

तो इसलिए बढ़ रही है रेडिमेंट कपड़ों का मांग

हर कोई फैशन में अप टू डेट रहने के लिए नए-नए ट्रैंड को फॉलो करता है। इसके लिए वो रेडिमेंट कपड़ों का ही सहारा लेता है। आज के मार्डन टाइम में किसी के पास इतना समय नहीं है कि वो बाजार से कपड़ा खरीदकर दर्जी से सिलाई करवाएं। बिजी शेड्यूल के चलते ही सब रेडिमेंट कपड़े को वियर करना पसंद करते हैं।

1. फिटिंग की प्रॉब्लम नहीं

मार्किट में मिलने वाले रेडिमेंट कपड़े हर साइज में मिल जाते हैं। जिससे फिटिंग की प्रॉब्लम नहीं होती और टेलर के पास भी नहीं जाना पड़ता।

2. खरीदने में आसान

कॉलेज और ऑफिस जाने वाले लोगों के पास इतना टाइम नहीं होता की वो कपड़ा खरीदे और सिलाई करवाएं। ऐसे में वो आसानी से मिल जाने वाले रेडिमेंट कपड़ो की तरफ ही आकर्षित होते हैं। जो उन्हें असानी से मार्किट में मिल जाते है। इसके साथ ही ढेरों तरह का वैरायटी में अपने पसंद के हिसाब से कपड़े चुनने में आसानी होती है।

3. ट्रैंडी कपड़े

ट्रैंडी, कलरफुल पैटर्न, स्टाइलिश सिलाई और यूनिक डिजाइन के कारण ही रेडीमेंट कपड़े युवाओं की पसंद बन गए हैं। इसके साथ ही युवाओं को अपनी पसंद के साथ समझौता भी नहीं करना पड़ता।

4. सिलाई के बढ़ते दाम

सिलाई के बढ़ते दामों के कारण ही लोगों ने रेडिमेंट कपड़े खरीदना शरु कर दिया है। इसके अलावा कपड़ा खरीद कर दर्जी के चक्कर काटने के बावजूद भी लोगों को उनकी पसंद की चीज नहीं मिलती। इसी कारण वो बने बनाएं कपड़े खरीद लेते हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

शहनाज ने पार की बोल्डनेस की सारी हदें

बिग बॉस 13 से लोकप्रियता हासिल करने वाली शहनाज गिल टीवी से लेकर फिल्मों तक का जाना-मान चेहरा बन चुकी हैं। पंजाब की कैटरीना के नाम मशहूर शहनाज अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करती हैं,लेकिन इस बार शहनाज गिल ने अपनी हद से ज्यादा बोल्ड तस्वीरों से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। तस्वीर में शहनाज लॉन्ग स्कर्ट पहने दिख रही हैं, जो आगे से पूरी तरह खुली है। इसके साथ उन्होंने सिर्फ लेदर जैकेट पहना है। तस्वीरों में शहनाज अपना क्लीवेज और टोन्ड लेग्स फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। शहनाज स्टूल पर बैठे बेहद ही बोल्ड अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने ग्लॉसी मेकअप, खुले बालों और ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी के साथ अपने लुक को कम्प्लीट किया है। शहनाज गिल के इस बोल्ड लुक फैंस फिदा हो रहे हैं।

काजोल ने सोशल मीडिया पर नीसा पर लुटाया प्यार

बॉलीवुड इंडस्ट्री के स्टार किड्स में अजय देवगन और काजोल की बेटी नीसा देवगन का नाम भी काफी पॉपुलर है। अक्सर नीसा को लेकर कोई न कोई खबर सामने आती रहती है। ऐसे में अब जब उनका का बर्थडे है,तो उस पर चर्चा होनी तो बनती है। बेटी नीसा देवगन के जन्मदिन के मौके पर भला उनकी मां और दिग्गज एक्ट्रेस कालोज की तरफ से कोई प्रतिक्रिया कैसे सामने नहीं आती। लाड़ली के बर्थडे पर कालोज ने सोशल मीडिया पर लेटेस्ट तस्वीरों को शेयर किया है और नीसा को जन्मदिन की बधाई दी है। बेटी नीसा देवगन के जन्मदिन के खास मौके पर काजोल ने बधाई के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम हैंडल का सहारा लिया है। कालोज ने अपने ऑफिशियल इंस्टा हैंडल पर लेटेस्ट तस्वीरों के साथ नीसा को बर्थडे विश किया है। इस दौरान उन्होंने कैप्शन में लिखा- मेरी डार्लिंग आपको 22 वां जन्मदिन मुबारक हो।

'चमकीला' से चमकीं परिणीति

फिल्म अमर सिंह चमकीला में काम करने के बाद परिणीचि चोपड़ा को उम्मीद है कि अब उन्हें अच्छी फिल्मों को ऑफर मिलेंगे। परिणीति ने कहा कि गलतफहमी और पहुंच की कमी के कारण उनके हाथ से कई प्रोजेक्ट निकल गए। अमर सिंह चमकीला में परिणीति ने अमरजोत कौर का किरदार निभाया है,जिसके बाद उनकी खूब तारीफ हो रही है। परिणीति चोपड़ा बराबरी के मौके मिलने पर कहा, "वहां जो भी फैसला करने वाले हैं, उनकी तरफ से मैं मौके चाहती हूं। बड़े प्रोड्यूसर्स, बड़े स्टूडियो हेड और बड़े डायरेक्टर्स। अगर हमारा टैलेंट बोलेगा,अगर हमारी मेहनत बोलेगी, तो हमें बस मौके दीजिए,यही बोलेगी,क्योंकि जबतक हमें मौके नहीं मिलते, हम खुद को साबित नहीं कर सकते।" परिणीति कहती है कि अगर आज मैंने चमकीला नहीं की होती, तो मैं कभी पहचानी ही नहीं जाती या दुनिया को ये पता ही नहीं चलता कि मैं लाइव गा भी सकती हूं और वजन बढ़ा सकती हूं। उन्होंने कहा कि अगर ये फिल्म नहीं होती तो सबको लगता कि मैं अच्छा अभिनय नहीं कर सकती।